श्री बंशीधर नगर, बुधवार
15.01.2025
माघ कृष्णपक्ष द्वितीया संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 143

सूर्योदय-सूर्यास्त

उदय - 06:40 बजे
अस्त - 05:30 बजे

तापमान

अधिकतम :22 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com विकास के लिये कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे : अनंत >> पेज 03

सुविचार

एक रस्सी है, जिसका एक सिरा ख्वाहिशों ने पकड़ रखा है, और दूसरा औकात ने, इसी खींचतान का नाम जिंदगी है।

न्यूज अपडेट्स

दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में दो बाइक की टक्कर में दो लड़कों की मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हैं। दोनों घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सभी मकर संक्रांति के मौके पर मेला घूमकर घर लौट रहे थे। मृत युवकों की पहचान 17 वर्षीय धीरज कुमार और मंदेया के रहने वाले 19 वर्षीय सरीकुश अंसारी के रूप में की गई है। बताया गया है कि छतरपुर के खेंद्रा में मकर संक्रांति के मौके पर मेला का आयोजन किया गया था। मेला स्थल से एक बाइक छतरपुर की तरफ जा रही थी जबकि दूसरी बाइक हुसैनाबाद की तरफ जा रही थी। खेंद्रा के इलाके में ही दोनों बाइक की आपस में टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भेजा, जहां दो धीरज एवं सरीकुश को मृत घोषित कर दिया गया। छतरपुर के थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमआर एमसीएच मेदिनीनगर में भेज दिया है। घटना की छानबीन की जा रही है।

श्रद्धा का सैलाब

3.5 करोड़ ने किया अमृत स्नान

महाकुंभ-2025

महाकुंभ नगर। पंचाक्षरी मंत्र की अनुगूंज, मधुर भजन स्वर लहरी, हर-हर गंगे और हर-हर महादेव के जयघोष के मध्य महाकुंभ के पहले अमृत (शाही) स्नान पर अखाड़ों और नागा संन्यासियों की अवधूती शान से मंगलवार को संगम पर सनातनी आस्था का वैभव मुखर हो उठा। उमंग-उत्साह के बीच बैरागी अखाड़ों के वैराग्य का रंग और नागा संन्यासियों का आकर्षण अलग अलौकिक आध्यात्म की अनुभूति करा रहा था। यह दृश्य है संगम के घाटों का, जहां महाकुंभ का पहला अमृत स्नान मंगलवार सुबह 6.15 बजे से चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, शाम 6 बजे तक साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस बाबत जानकारी साझा किया। हालात संभालने के लिए आर्मी को भी स्टैंड बाई पर रखा गया है। सभी 13 अखाड़ों के संत स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का इस्तेमाल किया गया। अखाड़ों ने नाम बदलने का प्रस्ताव दिया था। संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाला पहला अखाड़ा श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी अखाड़ा था। श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़े ने महानिवार्णी अखाड़े के साथ अमृत स्नान किया। महानिवार्णी अखाड़े ने 5.15 पर शिविर से प्रस्थान किया और निश्चित समय 6.15 पर संगम घाट पहुंचा। श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी अखाड़े के आचार्य रवीन्द्र पुरी जी महाराज एवं श्री महन्त यमुना पुरी जी महाराज की अगुवाई में अमृत स्नान किया। इनके साथ ही श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़े ने भी आचार्य सत्यम गिरी महाराज और महंन्त बलराम भारती गिरी की अगुवाई में शाही स्नान किया। सुबह 6 बजकर 15 मिनट से शुरू हुआ अखाड़ों का अमृत स्नान शाम 4.30 बजे तक जारी रहा। अमृत स्नान में दूसरे स्थान पर श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनन्द के साधु-संतों ने पवित्र स्नान किया। तीसरे स्थान पर तीन संन्यासी अखाड़े श्री पंचदशनाम जूना एवं श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्री पंचाग्नि अखाड़े ने स्नान किया। तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्री पंच निमोर्ही अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच निवार्णी अनी अखाड़ा के महंतो और साधु संतों ने अमृत स्नान किया। तीन उदासीन अखाड़ों में श्री पंचायती नया उदासीन अखाड़ा, इसके बाद श्री पंचायती अखाड़ा, नया उदासीन, निर्वाण के सतों ने अमृत स्नान किया। अंत में श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के महंतों और साधु संतों ने अमृत स्नान किया। स्नान के लिए सभी 13 अखाड़ों को अलग-अलग 30-40 मिनट का समय दिया गया।

संगम नोज पर हर घंटे तीन लाख लोगों ने किया स्नान

पहले अमृत स्नान के दिन पवित्र संगम में शैव और वैष्णव मतों को मानने वाले साधु महंतों के अलावा लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई, लेकिन घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उम्मीद से ज्यादा रही। मेला प्रशासन की उम्मीद से बढ़कर श्रद्धालु महाकुंभ में पुण्य का भागी बनने आये। सर्वाधिक लोगों ने संगम नोज पर ही स्नान को प्राथमिकता दी। देर रात से ही संगम नोज पर भीड़ जुटने लगी। अनुमान के मुताबिक यहां हर घंटे तीन लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम जाने वाले सभी मार्गों में 8 से 10 किमी लंबी श्रद्धालुओं की भीड़ है। दुनियाभर का मीडिया और 50 से ज्यादा देशों के श्रद्धालु संगम पर मौजूद हैं। सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्तउत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुम्भ का आज दूसरा स्नान है। मकर संक्रांति का स्नान अमृत स्नान है। दोपहर एक बजे तक 1.75 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान कर लिया था। जनसैलाब लगातार आ ही रहा है। महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर पुलिस की समुचित व्यवस्था की गई है। रेल ट्रैफिक की भी मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही साथ घाटों की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है। नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से देर रात से ही भीड़ नियंत्रण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रात में थर्मल इमेजिंग के हिसाब से क्राउड कंट्रोल किया गया तो दिन में टीथर्ड ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे के विजुअल से ट्रैफिक व वाहन आदि को मॉनिटर कर रहे हैं। दिनभर होती रही खोया पाया की घोषणा मेला प्रशासन ने लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में दस अत्याधुनिक डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए हैं। पहले अमृत स्नान के दिन दिनभर लाउडस्पीकर से खोया पाया की घोषणा होती रही। मेला क्षेत्र में स्वयंसेवी संस्थाओं हेमवती नंदन बहुगुणा समिति एवं भारत सेवा दल द्वारा संचालित भूले भटके लोगों के लिए चलाए जा रहे केंद्रों में प्रथम अमृत स्नान के दिन कुल 308 लोगों को उनके परिवार से मिलाया गया।

गंगासागर में 40 लाख श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

दिल का दौरा पड़ने से तीन लोगों की मौत

कोलकाता। मकर संक्रांति स्नान के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु गंगासागर पहुंचे, जहां आस्था और भक्ति की लहरें उमड़ पड़ीं। मंगलवार शाम तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगासागर संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं। इसी बीच, मेले के दौरान तीन श्रद्धालुओं की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। गंगासागर मेला इस बार पहले से भी अधिक विशाल रूप ले चुका है। प्रशासन के अनुसार, 1 से 12 जनवरी के बीच 40 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगासागर पहुंच चुके हैं और आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन के मुताबिक, रविवार को एक और सोमवार को दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई। इनमें से अधिकांश बुजुर्ग थे, जो लंबी यात्रा के बाद स्नान के लिए यहां पहुंचे थे। अधिकारियों ने बताया कि मकर संक्रांति पर भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को पूरी तरह मुस्तैद रखा गया है। परिवहन और अग्नि सुरक्षा व्यवस्थापश्चिम बंगाल सरकार ने इस बार गंगासागर मेले में अतिरिक्त सुविधा की व्यवस्था की है। राज्य परिवहन विभाग ने विशेष बस सेवाएं शुरू की हैं। इसके अलावा, समुद्र तट पर अग्नि सुरक्षा के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। 86 वर्षीय रसायन वैज्ञानिक स्वप्न कुमार सेन की टीम लगातार अस्थायी शिविरों को अग्निरोधी बनाने में जुटी है। उनकी टीम बांस और होगला पत्तों से बने तंबुओं पर रासायनिक छिड़काव कर रही है, ताकि आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके। सुरक्षा के खास इंतजामतीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने 13 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इसके अलावा, सीसीटीवी कैमरों से पूरे मेले की निगरानी की जा रही है, ताकि भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत कार्रवाई की जा सके। तटीय इलाकों में चौकसीगंगासागर मेले के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों के सक्रिय होने की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

हरिद्वार के हरकी पैड़ी समेत विभिन्न घाटों पर साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी आस्था की डुबकी



हरिद्वार। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी सहित धर्मनगरी हरिद्वार के विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार के लिए मंगल कामना की। स्नान को संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र को 8 जोन व 21 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व यातायत के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। घाटों पर और मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी गयी। सुबह ब्रह्म मुहर्त में शुरू हुआ गंगा स्नान का सिलसिला दिन भर चलता रहा। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने मंशा देवी, चंडी देवी आदि पौराणिक मंदिरों में दर्शन भी किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व का मेला निर्विघ्न संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु पर पुलिस तैनात की गई थी। उन्होंने बताया कि शाम गंगा आरती से पूर्व साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई।

पूर्व विधायक भानू ने शहीद 30 बनिहार बेदी पर दी श्रद्धांजलि

बंशीधर न्यूज

केतार : प्रखंड के भगवान घाटी में मंगलवार को 15 वां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही एवं भाजपाईयों ने बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद पूर्व विधायक ने शहीद बनिहारों के परिजनों को अंग वस्त्र एवं सैकड़ों गरीब, असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि आज बड़े-बड़े लोग भी अपने माता-पिता की पुण्यतिथि लगातार पंद्रह वर्षों तक नहीं मनाते हैं। लेकिन आपका बेटा भानू प्रताप शाही पंद्रह वर्षों से बनिहार बेदी पर आकर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुये कहा कि बनिहारो के घर जाकर 14 जनवरी के बजाय 13 जनवरी को श्रद्धांजलि देकर गरीब मजदूरों का उपहास उड़ानें का कार्य किया है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार और अफसरशाही चरम सीमा पर है। मंईयां योजना के तहत महिलाओं को 2500 रू देकर भईया से बाईक पकड़वाकर 5 हजार रुपये का चालान काट कर पैसा वसूला जा रहा है। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, घुरन राम, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, शैलेश चौबे, विक्रांत सिंह उर्फ सोनू, पंकज सिंह, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, विक्रमा सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, मनोज पहाड़िया, मुखिया मूंगा साह, राजेश रजक, विजयालक्ष्मी, कन्हाई प्रसाद, रवि पाल, राजू सिंह आदि उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

पूर्व सैनिकों को व्हीलचेयर देकर किया सम्मानित

मेदिनीनगर : भारत सरकार ने 14 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर वेटरन्स डे घोषित किया है। इस उपलक्ष्य में आज और कल रांची सेना मुख्यालय से पहुंची सतत मिलाप टीम और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की पलामू टीम द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पलामू के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि पलामू के दो वीर सैनिक शिवजी सिंह और सुशील कुमार मंगलम के आवास पर जा कर दोनों को व्हील चेयर देकर सम्मानित किया गया। जिला स्कूल मैदान में पौधारोपण किया गया। कल वेटरन्स डे पर स्थानीय जिला स्कूल के प्रांगण में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिये मेडिकल चेकअप कैंप और वीरांगना सामान समारोह का आयोजन होगा। इस सम्मान समारोह में वीर नारियों और पूर्व सैनिकों की विधवाओं को सम्मानित किया जायेगा। रांची से पहुंची सतत मिलाप टीम के नायब सूबेदार कुबेर पंत, नायब सूबेदार रूपेश थापा, हवालदार संतोष श्रेष्ठ, कमल गुरुंग, ऑल 2/5 जीर टीम कार्यकारी अध्यक्ष शंभू सिंह, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, महासचिव दिनेश गुप्ता, कार्यकारी महासचिव सुनील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, ब्रजेश शुक्ला, प्रणव तिवारी, धीरेंद्र कुमार, प्रेमचंद शुक्ल, विकाश तिवारी सहित कई पूर्व सैनिकों शामिल थे।

पलामू

नक्सलियों के गढ़ चेतमा में पहुंचे सांसद व मंत्री

प्रशासन का सीधा संवाद

मेदिनीनगर। पलामू जिले के सुदूरवर्ती और नक्सलियों के गढ माने जाने वाले इलाकों में प्रशासन ग्रामीणों से सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के पाटन प्रखंड के चेतमा में जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों की समस्याओं को जाना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के संसदीय कार्य एवं वित्त विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम मुख्य रूप से शामिल हुए। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। मौके पर कई तरह की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि एक समय था, जब चेतमा, बुढ़ीबुका, तिलैया गांव में आम आदमी का पहुंचना मुश्किल था। आने जाने की सड़क और नक्सलियों का खतरा होने के कारण इन क्षेत्रों का विकास नहीं हो पाया, लेकिन गांव में आने जाने के लिए मिट्टी मोरम सड़क बना दी गयी है। पुलिस पिकेट स्थापित है। पहाड़ी क्षेत्र के लोगों का कैसे आर्थिक-समाजिक विकास हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम रखा गया।प्रशासन इसमें काम कर रहा है। मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया। पीने के पानी की समस्या दूर की जाएगी। यह हमारी जिम्मेवारी है। आजादी के बाद जिन इलाकों सिस्टम नहीं पहुंच पाया है, वहां पहुंचाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उद्देश्य है। जबतक लोकतांत्रिक व्यवस्था आभावग्रस्त इलाकों में नहीं पहुंचेगी, तब तक समुचित विकास नहीं हो सकता। सांसद वीडी राम ने कहा कि चेतमा को जोड़ने वाली सड़क की स्वीकृति दिला दी गयी है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। आदिवासी बाहुल गांवों के लिए प्रधानमंत्री जन मन योजना की शुरूआत की गयी है। बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

सर्द रात में निकले मनोज सिंह, बांटा कंबल, कहा-सेवा कार्य ही ईश्वर की पूजा

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : पलामू में कड़ाके की ठंढ पड़ रही है। इसे देखते मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने लोगों का हाल जानने के लिये सर्द रात में निकले, इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की। नववर्ष की शुभकामना दी। उन्हें गर्म कपड़े शाल और कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत बेलवाटिका से की। उसके बाद कान्दू मुहल्ला, सेमरटांड, पंपूकल का दौरा किया। मौकै पर श्री सिंह ने कहा कि राजनीति उनके लिये सेवा का भाव है। सेवा के मिशन को लेकर वह राजनीति में आये हैं। विरासत में ही सेवा का संस्कार मिला है। सेवा के संस्कार के विरासत को वह पूरी सक्रियता के साथ आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा का बेहतर माहौल तैयार करने के लिये काम करना चाहिये। सभी को सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिये। सही मायने में सेवा कार्य ही ईश्वर की पूजा है। सेवा के इस मर्म को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंढ में लोगों को राहत मिले इसके लिये यह छोटा प्रयास कर रहे हैं। मौके पर किशोर कुमार, मुन्ना प्रसाद, राजू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

पलामू में हथियार के बल पर सीएसपी से एक लाख की लूट

मेदिनीनगर। पलामू जिले के हैदरनगर में मंगलवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने हथियार के बल पर भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) के कर्मचारी से एक लाख रुपये लूट लिए। बताया गया है कि शिव प्रसाद की सीएसपी बभंडी रोड पर है। हेलमेट पहने तीन बदमाश बाइक से पहुंचे। दो सीएसपी के अंदर गए और एक बाइक पर ही था। सीएसपी में कुछ ग्राहक भी थे। अपराधी सीएसपी का शटर गिराकर स्टाफ कुंदन की कनपटी पर पिस्टल सटाकर रुपये की मांग की। सीएसपी स्टाफ ने दराज में रखे रुपये उन्हें दे दिया। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई जब सीएसपी के स्टाफ ने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

सतबहिनी झरना तीर्थ में लगा मकर संक्रांति मेला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कांडी : मकर संक्रांति के अवसर पर सतबहिनी झरना तीर्थ में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। विश्रामपुर विधानसभा के विधायक सह मां सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव मुरलीधर मिश्र, संयोजक प्रियरंजन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करते दिखे। सुबह में घना कोहरा छाये रहने के बावजूद सुबह से ही झरना घाटी में श्रद्धालु भक्तों का स्नान करने व सतबहिनी माता सहित अन्य मंदिरों में पूजा पाठ करने के लिये तांता लग गया था, जो समाचार लिखे जाने तक जारी था। वहीं मेला क्षेत्र में विभिन्न सामग्रियों का क्रय करने व खाने पीने के स्टॉल पर लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ती देखी गई। सतबहिनी झरना तीर्थ आने वाले दोनों तरफ के रास्तों पर गाड़ियां घंटों जाम में फंस रही थी, जिसके चलते सुरक्षा बलों व स्वयं सेवकों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिये थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में पुलिस की टीम तैनात थी। मेला क्षेत्र का निरीक्षण पुलिस इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने भी किया। मौके पर कमेटी के सुदर्शन तिवारी, गोरखनाथ सिंह, वैद्यनाथ पाण्डेय, दिलीप कुमार पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हत्यारोपित के पैर में लगी गोली, लोडेड पिस्टल कॉक करने के दौरान हादसा

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर में नशे की हालात में लोडेड पिस्टल कॉक करने के दौरान फायर होने से एक हत्यारोपित के पैर में गोली लग गई। उसे मेदिनीनगर के डॉ. राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मंगलवार को उसका बयान लेकर हथियार देने वाले युवक की तलाश कर रही है। जख्मी युवक की पहचान मेदिनीनगर के माली मुहल्ला निवासी भास्कर पांडेय उर्फ मोंटी पांडेय के रूप में हुई है। वह नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने मंगलवार अपराह्न तीन बजे बताया कि मोंटी पांडेय ने पुलिस को जानकारी दी कि सोमवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के इलाके में उसे गोली लगी। शराब पीने के बाद नशे में पिस्टल कॉक करके देखने पर अचानक गोली चली और पैर को छेदते हुए निकल गई। घटना के वक्त मोंटी के साथ मौजूद लोगों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। पैर में गोली लगी है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। जख्मी मोंटी पांडे के अनुसार, नमिता देवी मर्डर केस में 2 महीने पहले जेल से जमानत पर बाहर आया है। 7 फरवरी, 2024 को सद्दीक चौक के समीप शाहपुर जाने वाली सड़क पर नमिता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मोंटी पांडे को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। जेल से निकलने के बाद से विश्रामपुर के तोलरा में नानी के घर रह रहा था। मोंटी सोमवार को हाजिरी लगाने के लिए न्यायालय में पहुंचा था। यहां उसकी मुलाकात स्टेशन रोड के नागा पांडेय और बारालोटा के सोनू तिवारी, रिंकू दुबे, पिंकू तिवारी से हुई। नागा भी हाजरी लगाने पहुंचा था। सभी लोगों ने मिलकर शराब पार्टी करने की योजना बनाई। शाहपुर से शराब लेकर कल्याणपुर जाने लगे तो मोंटी पांडे को उसके साथियों ने कहा कि उसकी जान को खतरा है। इसलिए साथ में पिस्टल भी रखा जाए ताकि सेफटी रहे।

प्रभात गौरव सम्मान से नवाजे गये पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल

डॉ कौशल को 2025 का पहला व जीवन का 67 वां अवार्ड

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : मेदिनीनगर दीनदयाल स्मृति टाउन हॉल में आयोजित प्रभात गौरव सम्मान सह कवि सम्मेलन में पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल को पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य की सराहना करते हुये प्रभात गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ कौशल ने कहा कि इसके पहले भी उन्हें प्राईड ऑफ झारखंड अवार्ड से झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ एवं विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो द्वारा सम्मानित किया गया था। वहीं 12 मई 24 को अचीवर अवार्ड से अजरबैजान के राजधानी बाकू में टूरिस्ट डायरेक्टर विश्व के साउथ ईस्ट रौशन के हाथों सम्मान मिला था। इसी तरह 14 जुलाई को दिल्ली लोधी रोड स्थित इंडियन हैवी ट्रेड सेंटर गुलमोहर में यूएसए के मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में आठ देश के उच्च पद पर आसीन अतिथियों की उपस्थिति में डॉक्टरेट की उपाधि से चांसलर के हाथों सम्मान पाने का अवसर प्राप्त हुआ था। वहीं 13 अगस्त को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एशिया अचीवर समिट और भारत के गौरव अवॉर्ड से वहां के उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी और स्पीकर पॉल नरूला ने सम्मानित किया था। उन्होंने यह भी बताया कि 13 अगस्त 24 सहित इसके पहले सूबे के तीन गवर्नर के हाथों अब तक चार वार अवार्ड मिल चुका है। पिछले वर्ष विदेश में 4 और जीवन काल का 66 अवार्ड मिलने से रिश्तेदारों, शुभचिंतकों व परिवार में भारी खुशी है।

चांद राज पहाड़ी के विकास के लिये कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे : अनंत प्रताप देव

मकर संक्रांति के मौके पर बाबा चांद राज पहाड़ी पर मेला आयोजित

बंशीधर न्यूज

रमना : प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा चांद राज पहाड़ी के प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिप अध्यक्ष शांति देवी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, रमना मुखिया दुलारी देवी एवं सिलीदाग मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर विधायक ने कहा कि बाबा चांद राज पहाड़ी पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण स्थल है। इसका विकास उनकी प्राथमिकता है। वे जल्द ही मेला आयोजन समिति के साथ बैठकर इसके विकास के लिये मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि चांद राज पहाड़ी के विकास के लिये वे कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि इलाके में पर्यटन क्षेत्र की असीम संभावनाएं हैं। यदि चांदराज पहाड़ी और जिरूआ जलाशय को पर्यटन क्षेत्र के रूप विकसित किया जाय तो रोजगार का अवसर भी उपलब्ध होगा। उन्होंने विधायक और जिप अध्यक्ष से इस पर सार्थक पहल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख प्रतिनिधि अजीत सोनी, मुखिया दुलारी देवी, अनिता देवी एवं लल्लू राम ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन रामचंद्र राम ने किया। उस मौके पर बड़ी संख्या में यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने चांद राज बाबा एवं संतोषी माता का दर्शन पूजन कर मेला का लुत्फ उठाया। स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों का भरपुर मनोरंजन किया। मेला के सफल आयोजन में अध्यक्ष मंतोष चंद्रवंशी, दिलीप ठाकुर, गोपाल प्रसाद गुप्ता, धनंजय गुप्ता, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, बनारसी ठाकुर, बचनु व्यास, बबलू गुप्ता, सुदीप ठाकुर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्यूज अपडेट्स

सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

गढ़वा : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निदेर्शानुसार मेराल प्रखंड में मेला मे आये लोगों तथा वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। जैसे बाईक चलाने वक्त हेलमेट का प्रयोग जरूर करें, कभी भी नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति ना दे, कभी भी गति सीमा को पार ना करे, रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करे, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाएं, हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिटन योजना के बारे में भी जागरूक कर बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। पदाधिकारियों ने सभी से अनुरोध किया कि कभी भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को मदद करे या फिर नजदीकी अस्पताल में पहुंचा कर गुड सेमेरिटन बने। सभी लोगों के बीच रोड सेफ्टी हैण्डबुक और रोड सेफ्टी पम्पलेट वितरण किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन संजय बैठा आदि उपस्थित थे।

खेल को बढ़ावा देने का होगा प्रयास : प्रशांत

मेदिनीनगर : झामुमो युवा मोर्चा की ओर से आयोजित पलामू कप के पहले मैच में पहाड़ी इलेवन ने एयरपोर्ट इलेवन को रोमांचक मैच में हराया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के युवा नेता प्रशांत किशोर ने पहाड़ी इलेवन के शब्बीर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मैच में सतबरवा और जोड़ के बीच हुई, जिसकी शुरुआत प्रशांत किशोर ने टॉस करा कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूनार्मेंट का सफल आयोजन युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और संचालन आशुतोष विनायक द्वारा किया जा रहा है। प्रशांत किशोर ने खिलाड़ियों ने कहा कि पलामू में खेल मैदान और स्टेडियम की बहुत आवश्यकता है।

शुभारंभ ग्रासिम सीएसआर. ज्वाय ऑफ गिविंग परियोजना की शुरुआत

150 स्कूली बच्चों को दिये स्कूल किट, हाईजीन किट व खेल सामग्री

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : ग्रासिम सीएसआर के तत्वावधान में ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में मनाया जा रहे महीने की आधिकारिक शुरूआत आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नुरुल हक, महिला मंडल की सदस्यों आदि ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। मौके पर इकाई प्रमुख श्री अवस्थी ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। जिससे समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने नये सत्र में सीएसआर के माध्यम से संचालित किये जाने वाले नये एवं कुछ अनूठे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। उन कार्यक्रमों में दीदी की दुकान के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, मोबाईल मेडिकल वाहन के द्वारा आसपास के क्षेत्र में लगातार मेडिकल कैंप की व्यवस्था, शिक्षा में गुणवत्ता एवं उत्थान हेतु स्कूलों में पुस्तकालय सुविधा एवं विशेष अभियान, क्षय रोग के उन्मूलन हेतु क्षय रोगियों के निरंतर मॉनिटरिंग के लिये आधुनिक सुविधायुक्त व्यवस्था, युवाओं के रोजगारपरक बनाने हेतु उन्हें विभिन्न प्रकार के कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ना आदि कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप में बताया। उन्होंने बताया कि जॉय ऑफ गिविंग में 50 प्रतिशत की राशि कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों, महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा इकट्ठा की गई है, जो यह प्रदर्शित करता है कि सीएसआर के साथ-साथ पूरा ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यों के प्रति कितना सजग और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि वैसे तो हम सालों भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं लेकिन यह महीना विशेष इसीलिये है क्योंकि इसमें ग्रासिम परिवार के प्रत्येक सदस्य की भागीदारी हो रही है। उन्होंने बताया कि बांटने की खुशी सब खुशियों से ऊपर है। आज के ज्वाय ऑफ का गिविंग कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न विद्यालयों से आये लगभग डेढ़ सौ स्कूली बच्चों के बीच स्कूल किट, हाईजीन किट व खेल सामग्री का वितरण कर किया गया। इस आयोजन में आसपास के विद्यालय के बच्चे व उनके प्रधानाध्यापकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याएं अनुपम मिश्रा, वंदना झा, प्रीति दास एवं निशा पाठक ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर ब्रजराज चौबे, राजेश चौबे, व्रज किशोर शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार ने किया।

रामासाहू की टीम बनी जूनियर वर्ग का चैंपियन

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू की टीम ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को 34 रनों से हराकर पहली बार विजेता बना। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये कार्तिक के 33 और यगीज के 19 रन के सहयोग से 98 रन बनाये। ज्ञान निकेतन की ओर से उज्जवल ने तीन, फहीन एवं शहनवाज ने एक-एक विकेट लिया। 99 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन की टीम फहीन के 13 रन एवं नंदन के 20 रन के सहारे 64 रन ही बना पाई। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू टीम की ओर से कार्तिक ने चार एवं रूपेश ने तीन विकेट लिये। मैच पूर्व डीएफओ अंशुमान राजहंस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल व जीवन एक-दूसरे के पर्याय हैं। जीवन में खेल का बहुत महत्व है। खेल में हार-जीत होती है पर हार हमें एक नई सीख देती है। जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कार्तिक को दिया गया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, मनीष उपाध्यय, आकाश मनोज तिवारी, गोलु आदि उपस्थित थे।

एक महीने तक चले स्कूली टूर्नामेंट संपन्न, डीसी एसपी ने दिया पुरस्कार

गोविंद, रामासाहू एवं शांति निवास चैंपियन

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : विगत एक माह से जिला मुख्यालय के गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में संचालित अंतर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन मंगलवार को हो गया। डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं उनका हौसला आफजाई की। सीनियर वर्ग के फाईनल मैच में गोविंद प्लस टू उवि ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में रामासाहू हाईस्कूल ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा को एवं बालिका वर्ग में शांति निवास विद्यालय ने बीएनटी संत मैरी को हराकर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। जूनियर वर्ग एवं बालिका वर्ग का फाईनल मैच 13 जनवरी को संपन्न हो गया था। मंगलवार को फूटबॉल क्लब स्टेडियम में सीनियर वर्ग का फाईनल मैच सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि वे भी खिलाड़ी रह चुके हैं। आठ-आठ बार बैटमिंटन का नेशनल टूनार्मेंट खेलते वक्त उन्हें भी जमीन पर बैठना पड़ता था, इस कारण वह खिलाड़ियों का दर्द भी महसूस करते हैं। खेल आज केवल मैदानों तक सीमित नहीं रहा बल्कि कैरियर का बड़ा आयाम बन गया है। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी तो मिलती ही है साथ में उन्हें पुरस्कार स्वरूप करोड़ों रुपए मिलते हैं। हाल ही में भारत का 18 वर्षीय डी गुकेश विश्व शतरंज का चैंपियन बना और उसे 9 करोड़ रुपए मिले। उसे सरकारी नौकरी भी मिलेगी। डीसी ने इसी तरह से खेल के क्षेत्र में सफल होने पर कई उदाहरण खिलाड़ियों को दिये। उन्हें आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुये कहा कि 23 वर्षों से लगातार खेल की प्रतिभा निखारना आसान नहीं होता है। आज यही बच्चे भविष्य के कर्णधार निकलेंगे। इस मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी एवं साचिव आनंद सिन्हा ने भी अपनी बातें रखी। मंच का संचालन टूनार्मेंट के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया। गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित टूनार्मेंट कमेटी के प्रायः सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

भाजपा नेता विनय चौबे को पुत्र शोक, लोगों ने जताया दुख

मेराल : प्रखंड के हासनदाग गांव निवासी एवं भाजपा नेता विनय कुमार चौबे के बड़े पुत्र पीयूष कुमार चौबे का असामयिक निधन मंगलवार की प्रातः 6:00 बजे गढ़वा निवास स्थान पर हो गया। परिजन के अनुसार एलएलबी के अंतिम ईयर का छात्र पीयूष 25 वर्ष पिछले 4 महीना से असाध्य रोग से ग्रसित था, जिसका इलाज टाटा मेमोरियल मुंबई में चल रहा था। स्थिति ठीक होने पर करीब दो सप्ताह पूर्व उसे घर लाया गया था। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे विनय कुमार चौबे के होनहार पुत्र के असामयिक निधन की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। वहीं सांत्वना देने वाले शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। पीयूष का अंतिम संस्कार पैतृक गांव हासनदाग के यूरिया नदी के तट पर किया गया। जहां अग्नि संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये। हासनदाग पहुंचकर संत्वना देने वालों में विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी उर्फ रिंकू तिवारी, ओंकार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जितेंद्र कुमार चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, राम उदार पाण्डेय, कांग्रेसी नेता श्रीकांत पांडेय, अनु दुबे, बंशीधर नगर से मुकेश चौबे, सोनू दुबे, अनिल कुमार, मुखिया अनिल चौधरी, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, अनंत दुबे, विजय प्रसाद गुप्ता सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

एमजीसीपीएल ने जरूरतमंद के बीच बांटे कंबल

श्री बंशीधर नगर : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कार्यकारी संस्था एमजी कॉन्ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को उसका कला में पेड़ के नीचे हाड़कपाती ठंढ में जीवनयापन कर रहे मुसहर और घासी समुदाय के बीच कंबल का वितरण किया। उस मौके पर कंपनी के अधिकारियों व कर्मियों ने बड़ी संख्या में जुटे मुसहर और घासी समुदाय के साथ साथ अन्य जनजाति समुदाय के महिलाओं पुरुषों व बच्चों को कंबल प्रदान किया। इसकी जानकारी देते हुए कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि कंपनी की ओर से वेलफेयर कार्यक्रम के तहत अपरिहार्यजन एवं वंचित व्यक्तियों को इस ठंढ और भीषण शीतलहर से राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल वितरण किया जा रहा है। उस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय कुमार, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर अमित कुमार गौरव, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक सागर त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह, सेफ्टी ऑफिसर प्रवेश पचौरी समेत कंपनी के कई अन्य अफसर व कर्मी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय नाई महासभा का नव वर्ष मिलन सह चिंतन शिविर 18 को : दशरथ ठाकुर

गढ़वा : राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा जिला इकाई का नव वर्ष मिलन समारोह सह समाजिक चिंतन शिविर का आयोजन 18 जनवरी को 10 बजे दिन में स्टेशन रोड स्थित रामलाला मंदिर परिसर में किया जायेगा। महासभा के गढ़वा जिलाध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। श्री ठाकुर ने बताया कि इस मिलन समारोह का उद्देश्य नये वर्ष में नाई बंधुओं का सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों पर चिंतन करना है। महासचिव सतीश ठाकुर ने कहा कि हम सभी को चट्टानी एकता के साथ आगे बढ़ना होगा। संगठन मंत्री दिनेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य नाई समाज को एकजुट कर अंतिम व्यक्ति को सहयोग प्रदान करना है। समाज में मौजूद कुरीतियों को दूर करना है। इस समारोह में राष्ट्रीय नाई महासभा के राज्य स्तरीय कई पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त पदाधिकारियों ने जिले के नाई समाज के सभी लोगों से समारोह में भाग लेने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी मनोज ठाकुर, श्यामसुंदर ठाकुर, सुनील ठाकुर आदि आदि लोग शामिल थे।

बाबा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : बिट्टू

मेदिनीनगर : पलामू जिला कांग्रेस का जय बापू जय भीम जय संविधान मार्च आज पंड़वा व पाटन प्रखंड पहुंचा। पड़वा में कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील पासवान ने की। मार्च का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान जिस तरह से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में किया वह किसी भी हाल में क्षमा योग्य नहीं है। हम सभी पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री से इस्तीफा की मांग करते हैं। बाबा साहब ने देश के लोगों के लिये जो किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को जिस दिशा में ले जाना चाहती है वह दिशा संविधान से हटकर है। संविधान को खत्म करने के लिये देश के बाबा साहब का अपमान करने से भी गृह मंत्री नहीं चुक रहे हैं।

विक्रांत मैस्सी की तारीफ से अभिभूत हुई छाया कदम

बॉलीवुड एक्ट्रेस छाया कदम एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में अपना नाम बनाया है और अपनी एक्टिंग से दर्शकों के मन पर छाप छोड़ी है। उन्होंने अब तक कई हिंदी और मराठी फिल्मों, वेब सीरीज में काम किया है और दर्शकों का मनोरंजन किया है। हाल ही में 'कान्स फिल्म फेस्टिवल' के चलते वह काफी चर्चा में रहीं। 'कान्स' में उनके शानदार प्रदर्शन से उन्हें हर तरफ से सराहना मिली। छाया कदम अब एक्टिंग के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी बराबर सक्रिय नजर आ रही हैं। वे हमारे जीवन में घटित होने वाली चीजों या परियोजनाओं के बारे में जानकारी देती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सबका ध्यान खींचा है। छाया कदम ने बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैस्सी से मुलाकात का एक खास वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो को अपने फैन्स के साथ शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब विक्रांत, मौजूदा पीढ़ी के एक क्लासी हीरो और मेरे जैसे कई लोगों को '12वीं फेल' से वापसी करने की आध्यात्मिक ताकत देते हैं, हमें गले लगाते हैं और हमारे काम की तारीफ करते हैं तो यह ऐसा लगता है जैसे हम एक जैसे हैं। आप तितली की तरह सभी को रंग और खुशियां देते रहें। बहुत-बहुत धन्यवाद विक्रांत...! छाया कदम ने 'सैराट', 'जंड', 'न्यूड' से लेकर 'लापता लेडीज', 'मडगांव एक्सप्रेस' जैसी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाकर मनोरंजन जगत में नाम कमाया है। उनकी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाई गई थी। इसके लिए उन्होंने कान्स में शिरकत की। इसके बाद छाया कदम की काफी सराहना हुई।

टी-20 क्रिकेट में वापसी को तैयार जेम्स एंडरसन

लंदन। इंग्लिश तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अपना पेशेवर खेल कैरियर फिर से शुरू करेंगे। लंकाशायर के साथ एक साल के अनुबंध विस्तार पर सहमति जताने के बाद एक दशक से अधिक समय में वह अपना पहला टी-20 मैच खेलने के लिए तैयार हैं। जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद से एंडरसन ने कोई मैच नहीं खेला है, उसके बाद वह इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में सलाहकार के तौर पर शामिल हो गए। खेलना जारी रखने की अपनी इच्छा जाहिर करने के बाद, उन्होंने दिसंबर में आईपीएल नीलामी में हिस्सा लिया। हालांकि उन्हें कोई खरीददार नहीं मिल सका और अब उन्होंने ईसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की समाप्ति के बाद काउंटी चैंपियनशिप और टी20 ब्लास्ट में खेलने के लिए लंकाशायर के साथ एक डील साइन की है। एंडरसन ने एक बयान में कहा, मैं लंकाशायर के साथ इस अनुबंध पर हस्ताक्षर करने और अगले सत्र में फिर से पेशेवर क्रिकेट खेलना शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस क्लब ने मेरे जीवन में तब से बहुत बड़ी भूमिका निभाई है जब मैं किशोर था, इसलिए रेड रोज पहनने और लाल और सफेद गेंद दोनों क्रिकेट में टीम की मदद करने का अवसर मिलना एक ऐसा अवसर है जिसका मैं वास्तव में बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अपनी फिटनेस के स्तर को ऊंचा रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं और सर्दियों के दौरान इंग्लैंड के साथ कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नियमित रूप से गेंदबाजी करना जारी रखा है, जिसका उद्देश्य अप्रैल में काउंटी सत्र शुरू होने पर मैदान पर उतरने में सक्षम होना है। मुझे एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना बहुत पसंद है और इस गर्मी में फिर से हमारे सदस्यों और समर्थकों के सामने गेंदबाजी करने का मौका मिलना वास्तव में विशेष होने वाला है।

उज्जैन में मकर संक्रांति पर भगवान महाकाल का दिव्य श्रृंगार, तिल-गुड़ का लगाया गया भोग

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना अत्यंत प्रसन्नता की बात : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इससे हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित होंगे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना बहुत खुशी की बात है, खासकर भारत भर में हमारे मेहनती हल्दी किसानों के लिए। इससे हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित होंगे। इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का शुभारंभ किया। पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला अध्यक्ष बनाया गया है। बोर्ड का मुख्यालय निजामाबाद में स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड में विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। निर्यातकों और उत्पादक निकायों के प्रतिनिधियों को भी बोर्ड में रखा जाएगा।

नवगठित बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय सहित अन्यम 20 राज्यों के हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा। हल्दी बोर्ड के गठन से देश के हल्दी उत्पादकों की आय में बढ़ोतरी होगी। बोर्ड में अध्यक्ष के अलावा आयुष मंत्रालय, औषधि? विभाग, कृषि और किसान कल्याण विभाग और वाणिज्य विभाग के प्रतिनिधियों को भी नामित किया गया है। हल्दी के उत्पादन वाले दो शीर्ष राज्यों महाराष्ट्र और तेलंगाना तथा लकाडोंग हल्दी के लिए प्रसिद्ध मेघालय के प्रतिनिधि भी बोर्ड में शामिल होंगे। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी क्षेत्र के समग्र विकास और वृद्धि पर ध्यान देगा।

हल्दी का उत्पादन पांच साल में दोगुना कर 20 लाख टन करने का लक्ष्य : गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने और अगले 5 साल में उत्पादन दोगुना कर करीब 20 लाख टन करने में मदद करेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। उन्होंने इससे पहले पल्ले गंगा रेड्डी को इसका पहला अध्यक्ष नियुक्त करने का ऐलान किया। इस बोर्ड का मुख्यालय निजामाबाद में स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का शुभारंभ पूरे देश में उत्सव के शुभ दिन पर हो रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का हिस्सा होंगे। निर्यातकों और उत्पादकों के निकायों के प्रतिनिधियों को भी बोर्ड में जोड़ा जाएगा। गोयल ने कहा कि हल्दी को गोल्डन स्पाइस के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम हल्दी के प्रति जागरूकता फैलाने, निर्यात को प्रोत्साहित करने और इस क्षेत्र से जुड़े किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नवगठित हल्दी बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय और अन्य 20 राज्यों में फैले हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हल्दी उत्पादन बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं और हल्दी बोर्ड के गठन से देश में हल्दी उत्पादकों की आय में वृद्धि होगी।

बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स व निफ्टी

नई दिल्ली। पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा।

इस तरह पिछले चार कारोबारी दिन से जारी गिरावट का सिलसिला आज थम गया। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़िये और मंदड़िये एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश करने लगे, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी की चाल भी ऊपर-नीचे होने लगी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान पीएसयू बैंक, पीएसई और मेटल सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, एनर्जी, फार्मास्यूटिकल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, टेक और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर मजबूती बनी रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.69 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 423.62 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

Hit लिस्ट

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पूर्व गाजा में युद्धविराम संभव

दोहा। गाजा में इजराइल और हमास के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के थमने की संभावना बढ़ गई है। कतर की कोशिश है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले युद्धविराम समझौता लागू हो जाए। कतर ने दोनों पक्षों के सामने तैयार मसौदा प्रस्तुत किया है। इस पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर होने की संभावना है। कतर ट्रिब्यून के अनुसार, अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने लुसैल पैलेस स्थित अपने कार्यालय में गाजा पट्टी में युद्धविराम वार्ता के लिए पहुंचे हमास के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। यह प्रतिनिधिमंडल डॉ. खलील अल के नेतृत्व में इनदिनों दोहा में है। अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने प्रतिनिधमंडल से युद्धविराम वार्ता की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

हमने अदालतों पर से विश्वास खो दिया : बुशरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने आज एक न्यायाधीश से कहा, यह कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन हमने अदालतों पर से विश्वास खो दिया है। उनकी यह टिप्पणी न्यायाधीश ताहिर अब्बास सिपरा की अध्यक्षता वाली आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) में एक मामले की सुनवाई के दौरान आई। यह मामला रेंजर्स कर्मियों पर एक वाहन चढ़ाने के आरोप से संबंधित था। 'जियो न्यूज' चैनल के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने बुशरा से कहा, इसमें कुछ समय लगा है, लेकिन कानूनी प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। इस पर बुशरा बीबी ने जवाब दिया, यह कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन हमने अदालतों पर से विश्वास खो दिया है।

भारतीय महिलाओं ने खो खो विश्व कप 2024 में दक्षिण कोरिया को 157 अंकों से हराकर रचा इतिहास

भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन, अंतिम टर्न तक रहा भारत का दबदबा

नई दिल्ली। भारतीय महिला खो खो टीम ने मंगलवार रात इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खो खो विश्व कप 2024 के अपने पहले मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत ने इस मैच में 157 अंकों से जीत हासिल की, भारत ने 175 अंक बनाए, जबकि कोरिया की टीम 18 अंक ही अर्जित कर सकी। इस जीत में भारतीय खिलाड़ियों की रणनीति और दमदार प्रदर्शन ने दक्षिण कोरिया को एकतरफा मुकाबले में मात दी। भारतीय टीम ने अपने खेल का स्तर शुरूआत से ही ऊंचा रखा, जिससे कोरियाई टीम पूरे मैच के दौरान दबाव में नजर आई। कप्तान प्रियंका इंगले के नेतृत्व में टीम ने पहले ही टर्न में दबदबा बनाया। चैथरा बी, मीरू और प्रियंका ने शानदार ड्रीम रन बनाए, जिससे भारत को शुरूआती बढ़त मिली।

भारतीय डिफेंस ने कोरिया के 10 टचपॉइंट्स को निष्प्रभावी कर दिया, जिससे विरोधियों को मैच में कोई पकड़ बनाने का मौका नहीं मिला। दूसरे टर्न में भारतीय टीम ने आक्रमण तेज कर दिया। नसरीन शेख, प्रियंका इंगले और रेशमा राठौड़ की त्रिमूर्ति ने कोरिया के डिफेंडर्स को ध्वस्त कर दिया। महज 90 सेकंड के भीतर टीम ने तीन ऑल आउट करते हुए 24 अंक जोड़े। इसके बाद 18 सेकंड में चौथा ऑल आउट हुआ, जिससे भारत की बढ़त और मजबूत हो गई। रेशमा राठौड़ ने 6 टचपॉइंट्स के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि मीनू ने 12 अंक अर्जित किए। दूसरे टर्न के अंत तक भारत ने स्कोर को 94-10 तक पहुंचा दिया। तीसरे और चौथे टर्न में भारतीय टीम ने वही तीव्रता बनाए रखी। ड्रीम रन के जरिए टीम ने और तीन अंक जोड़े। दूसरी ओर, कोरियाई टीम तीसरे टर्न में सिर्फ आठ अंक ही हासिल कर पाई। अंतिम टर्न में भारतीय टीम का दबदबा और अधिक स्पष्ट हो गया। कोरियाई खिलाड़ी भारतीय रणनीति और गति का मुकाबला नहीं कर सके, और भारतीय महिलाओं ने 175-18 के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। इस यादगार मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का वर्चस्व पुरस्कारों में भी नजर आया।

मैच की सर्वश्रेष्ठ अटैकरः निर्मला भाटी (भारत)

मैच की सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरः एस्तेर किम (दक्षिण कोरिया)

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः नसरीन शेख (भारत)

एक मजबूत संदेश : इस जीत ने न केवल टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की मजबूत स्थिति स्थापित की, बल्कि अन्य टीमों को भी एक कड़ा संदेश दिया। अब भारतीय महिला टीम की नजरें आगामी मुकाबलों पर हैं, जहां वे अपनी लय को बरकरार रखते हुए खिताब की ओर कदम बढ़ाना चाहेंगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)